# 4 मिनट में उजड़ गई खुशियां, बेतवा नदी में डूबा श्रवण





नदी में डूबे छात्र की मौत के बाद मेडीकल कॉलेज पहुंचे परिजन.



गर्मी से राहत के लिये युवाओं ने तलाशा वायपास पर नया ठिकाना.

## खास बातें

- परिवार का इकलौता बेटा था, इंजीनियर की पढ़ाई कर रहा था छात्र
- मामा की भावुक अपील, बच्चों का रखे ख्याल, न जाने दें अकेला

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 23 मई, गर्मी से राहत पाने के लिए बेतवा नदी में नहाने गए 21 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई. कुछ ही मिनटों में हुए इस हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं और पीछे जिंदगी भर का गम छोड़ गया. मृतक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था. घटना के बाद पूरे इलाके में शोक का माहौल है. जानकारी के मुताबिक सहज उर्फ श्रवण तले शनिवार सुबह करीब 10 बजे अपने दो दोस्तों के साथ बेतवा नदी में नहाने पहुंचा था. भीषण गर्मी के चलते तीनों दोस्त नदी में उतर गए.** नहाते समय सहज अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा. उसके दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कुछ ही पलों में पानी में समा गया. घटना की सूचना मिलते ही होमगार्ड के जवान मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद युवक को नदी से बाहर निकाला गया. इसके बाद उसे तत्काल मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक एसएटीआई कॉलेज का सेकेंड ईयर का छात्र था. बताया जा रहा है कि वह पढ़ाई में अच्छा था और परिवार की उम्मीदों का सहारा था. उसके पिता निजी नौकरी करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य बताई जा रही है. बेटे की अचानक मौत से परिवार सदमे में है. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है.

### बिना सुरक्षा इंतजाम नदी और तालाबों में नहाना पड़ सकता है भारी

गर्मी बढ़ने के साथ बड़ी संख्या में लोग नदियों, तालाबों और खदानों में नहाने पहुंच रहे हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजामों की कमी के कारण ऐसे हादसे लगातार सामने आ रहे हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी के कई हिस्सों में गहराई अधिक है, लेकिन वहां चेतावनी बोर्ड या सुरक्षा व्यवस्था नहीं है. विशेषज्ञों का मानना है कि तेज बहाव, अचानक गहराई और तैरना न आने के कारण लोग हादसों का शिकार हो जाते हैं. ऐसे में बिना जानकारी और सुरक्षा इंतजामों के नदी या तालाब में उतरना खतरनाक साबित हो सकता है.

### मामा ने की अभिभावकों से अपील

मृतक के मामा विशाल चौधरी ने कहा कि परिवार की स्थिति सामान्य है और सहज घर का इकलौता बेटा था. उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को अकेले नदी, तालाब या खदानों में न जाने दें. थोड़ी सी लापरवाही कभी-कभी बहुत बड़ा हादसा बन जाती है. उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में बच्चे और युवा बिना खतरे को समझे गहरे पानी में उतर जाते हैं, जिससे जान का जोखिम बढ़ जाता है.कोतवाली एएसआई मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है. शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है. घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नदी और तालाबों के खतरनाक स्थानों पर सुरक्षा इंतजाम किए जाएं तथा लोगों को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके.

# मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 2 की मौत, 17 घायल

- लायरा के पास हुआ हादसा
- महिलाओं और बच्चों सहित कई मजदूर घायल



**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 23 मई, ग्राम लायरा के निकट कुरवाई-बीना रोड पर शनिवार सुबह मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में ट्रैक्टर चालक ऋषभ उर्फ रिषी साहू एवं मजदूरों के मुकद्दम दरबारी कोल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर घायल हो गए.**

जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर चालक ऋषभ उर्फ रिषी साहू ग्राम लायरा निवासी थे और कटनी जिले के उमरिया क्षेत्र से आए मजदूरों को खेत की ओर ले जा रहे थे. इसी दौरान अचानक ट्रैक्टर का हैंडब्रेक लगने से वाहन अनियंत्रित हो गया और ट्रॉली पलट गई. हादसे में ट्रॉली के नीचे दबने से चालक और मजदूरों के मुकद्दम दरबारी कोल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई.घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला. सूचना मिलने पर लायरा पुलिस चौकी प्रभारी शंकरदयाल यादव एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को कुरवाई अस्पताल पहुंचाया गया.एसडीओपी रोशनी सिंह ने बताया कि गंभीर रूप से घायल रजनी पुत्री समूल एवं दिव्या पुत्री नन्हेलाल आदिवासी को बेहतर उपचार के लिए विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है.घटना की जानकारी मिलते ही विधायक हरिसिंह सप्रे एवं जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी अस्पताल पहुंचे और घायलों के इलाज की व्यवस्था करवाई. अस्पताल में शव वाहन उपलब्ध नहीं होने पर विधायक हरिसिंह सप्रे ने किराए का वाहन बुलाकर मृतक दरबारी कोल के शव को उमरिया-कटनी भेजने की व्यवस्था की.कुरवाई अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात मेडिकल ऑफिसर डॉ. आजाद सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह एवं स्टाफ नर्स श्रीमती फूला सूर्यवंशी ने बताया कि घायलों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. घायलों में शालिनी, सपना, समनू, पूजा, राजकुमार, गंगीबाई, गुडिया, लक्ष्मी, मीनाक्षी, आदित्य, तुलसी, मंगल, राधिका, दुर्गावती, रामधानी एवं दुर्गा सहित अन्य का उपचार जारी है.अस्पताल प्रशासन द्वारा वृद्धों और बच्चों के इलाज के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं.

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता पर दिया जोर

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सशक्त वाहिनी क्लास में शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा पहुंचीं. उन्होंने क्लास में उपस्थित बालिकाओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और भविष्य के लक्ष्यों के संबंध में चर्चा की. इस दौरान बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती लोढ़ा ने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है. उन्होंने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करते हुए बेहतर तैयारी करने तथा अपने सपनों को साकार करने के लिए लगातार प्रयासरत रहने की बात कही.उन्होंने बताया कि सशक्त वाहिनी क्लास कलेक्टर महोदय की विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उचित मार्गदर्शन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है.

## हिनोतिया में श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर गूंजीं भगवान की बाल लीलाएं



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, ग्राम हिनोतिया में विगत 21 वर्षों से आयोजित हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. कथा वाचक डॉ. ऋषभ कृष्ण आचार्य जी ने ब्रजभाषा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया.**

कथावाचन के दौरान उन्होंने माखन चोरी लीला का महत्व बताते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने माखन चोरी इसलिए की क्योंकि ब्रज की गोपियों ने अपने श्रम से दही और माखन तैयार किया था. भगवान नहीं चाहते थे कि ब्रज का गोरस कंस जैसे राक्षसों तक पहुंचे. उन्होंने इस प्रसंग के माध्यम से स्वदेशी अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि देशवासियों को विदेशी कंपनियों के उत्पादों के बजाय स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए, जिससे देश आर्थिक रूप से मजबूत बनेगा.श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में उज्जैन से पधारे तीर्थ पुरोहित पंडित हर्ष व्यास जी ने पंचम दिवस की यज्ञ क्रियाएं संपन्न कराईं. पुरुषोत्तम मास के इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया.भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्री गिरिराज जी को छप्पन भोग अर्पित किया गया. प्रदीप योगी जी एवं ओपी दुबे जी द्वारा 56 भोग की सेवा अर्पित की गई, वहीं विनायक शर्मा जी ने श्री गिरिराज जी की मनमोहक झांकी भक्तों के समक्ष प्रस्तुत की.आयोजन में ग्रामवासियों द्वारा बढ़-चढ़कर सहयोग किया जा रहा है और श्रद्धालु पुरुषोत्तम मास के इस पावन पर्व पर धर्म एवं पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं.

## भाटनी ग्राम में श्मशान भूमि चिन्हित, ग्राम पंचायत को सौंपा गया कब्जा

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** विदिशा तहसील के ग्राम भाटनी में ग्रामीणों की सुविधा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राजस्व विभाग द्वारा शमशान हेतु भूमि का चिन्हांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया है.राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर निर्धारित भूमि का सीमांकन एवं सत्यापन किया गया. कार्रवाई पूरी होने के बाद संबंधित भूमि का विधिवत कब्जा ग्राम पंचायत भाटनी को सौंप दिया गया.प्रशासन द्वारा की गई इस पहल से भविष्य में अंतिम संस्कार संबंधी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने में सुविधा मिलेगी. ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया है.प्रशासनिक अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत को आवश्यक अभिलेखीय प्रक्रिया पूर्ण कर भूमि हस्तांतरित की गई है.



## कार्तिक चौहान के जन्मदिन पर जरूरतमंदों को बांटी राशन सामग्री

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** गांव में समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए कार्तिक चौहान के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरव टंडन एवं सौरभ टंडन द्वारा जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री वितरित की गई.इस अवसर पर गांव के अनेक जरूरतमंद लोगों को खाद्यान्न सामग्री प्रदान कर सहायता पहुंचाई गई.आयोजन के दौरान उपस्थित लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं.कार्यक्रम में ग्रामीणजन एवं युवा साथी भी उपस्थित रहे.सभी ने भैया कार्तिक चौहान को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की कामना की.

# 23 वर्षीय विवाहित महिला ने लगाई फांसी, उपचार के दौरान मौत

- ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के उहर कोटरा गांव की घटना
- पुलिस जांच में जुटी

**नवभारत न्यूज**

**ग्यारसपुर.थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उहर कोटरा में 23 वर्षीय विवाहित महिला ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है.**

जानकारी के अनुसार सुनीता आदिवासी पत्नी विशाल आदिवासी उम्र 23 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगा ली. जैसे ही परिजनों को घटना की जानकारी लगी, उन्होंने तत्काल महिला को फंदे से उतारकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर पहुंचाया.अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा महिला का उपचार शुरू किया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है.बताया जा रहा है कि मृतक महिला का एक वर्ष का बच्चा भी है. घटना के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है.

# अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान का चिंतन करने लग्जरी होटल में पहुंची भाजपा

- केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओ बूथ प्रबंधन और एआई तकनीक पर हुआ मंथन



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा . भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया. जिला विदिशा में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिवस पर सात महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुए. प्रत्येक सत्र में अध्यक्ष एवं विषय वक्ता उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह द्वारा भाजपा की विकास यात्रा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुआ. उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना का चिंतन केवल भारतीय जनता पार्टी के पास है. उन्होंने कहा कि पार्टी का निर्माण जनसंघ काल से असंख्य कार्यकर्ताओं के योगदान और समर्पण से संभव हुआ है.प्रथम सत्र की अध्यक्षता आनंद जैन ने की. प्रदेश सरकार की मंत्री कृष्णा गौर ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को साझा करते हुए कार्यकर्ताओं से जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, अधोसंरचना और बिजली सहित सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही है.द्वितीय सत्र में देश के समक्ष सामाजिक एवं राजनीतिक चुनौतियों पर चर्चा हुई. सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष नथन राजपूत ने की, जबकि विधायक अर्चना चिटनीस ने सामरिक, सामाजिक, अर्बन नक्सलवाद, अवैध धर्मांतरण और आर्थिक चुनौतियों पर अपने विचार रखे. तृतीय सत्र में मूलचंद्र माहेश्वरी की अध्यक्षता में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे ने सैद्धांतिक अनुष्ठान विषय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि पार्टी की कार्यपद्धति, सनातन धर्म की परिकल्पना और एकात्म मानववाद का सिद्धांत भाजपा की विचारधारा का आधार स्तंभ है.चतुर्थ सत्र में बाबूलाल ताम्रकार की अध्यक्षता में प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने बूथ प्रबंधन एवं मन की बात विषय पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी.

## राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान के तहत 25 मई को निकलेगी मौन रैली

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा . मध्यप्रदेश के रीवा में जैन साध्वियों के साथ हुई दुर्घटना के विरोध में राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान के अंतर्गत देशव्यापी मौन रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस क्रम में विदिशा में 25 मई सोमवार को प्रातः 8 बजे विशाल मौन रैली निकाली जाएगी, जबकि 24 मई रविवार को नारी शक्ति द्वारा कैंडल मार्च आयोजित किया जाएगा.**

### संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग

राष्ट्रीय संत मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने रीवा की घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि साधु-संतों की सुरक्षा केवल किसी एक समाज का विषय नहीं, बल्कि सम्पूर्ण मानवता की आस्था और संवेदना से जुड़ा मुद्दा है. उन्होंने दिगंबर, श्वेतांबर, तेरापंथी, बीसपंथी सहित सभी समाजों से राष्ट्रीय संत सुरक्षा अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया.उन्होंने कहा कि केवल शोक व्यक्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज को संगठित होकर स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना होगा. मुनि श्री ने संत सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू करने की मांग करते हुए 25 मई को देशभर में मौन रैली और ज्ञापन कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया.विदिशा नगर में विराजमान मुनि श्री उद्यमसागर महाराज, मुनि श्री गरिष्ठ सागर महाराज एवं मुनि श्री हीरक सागर महाराज ने कहा कि सरकार को पैदल विहार करने वाले साधु-संतों की सुरक्षा के लिए विशेष नीति बनानी चाहिए. उन्होंने बड़े शहरों में सुरक्षित फुटपाथ व्यवस्था एवं अतिक्रमण हटाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया.राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि विदिशा में सकल दिगंबर जैन समाज एवं विदिशा व्यापार महासंघ के सहयोग से 25 मई को सुबह 8 बजे माधवगंज कांच मंदिर के सामने से मौन रैली निकाली जाएगी. रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गांधी चौक नीमताल पहुंचेगी.

## सेवानिवृत्त पुलिस उपअधीक्षक अयोध्या प्रसाद दीक्षित का निधन



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा .** सेवानिवृत्त पुलिस उपअधीक्षक अयोध्या प्रसाद दीक्षित का शनिवार को 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर फैल गई.अयोध्या प्रसाद दीक्षित ने लंबे समय तक पुलिस उपअधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं. सेवा निवृत्ति के बाद वे गंजबासौदा में स्थायी रूप से निवास कर समाजसेवा के कार्यों से जुड़े रहे.वे अनंत दीक्षित, अनादि दीक्षित, साधना दीक्षित, सेवानिवृत्त महिला बाल विकास अधिकारी वंदना तिवारी एवं आभा तिवारी के पिताजी थे.उनकी अंतिम यात्रा 24 मई, रविवार को प्रातः 9 बजे उनके निज निवास लक्ष्मीनारायण मंदिर के पास, साकेत नगर बरेठ रोड से पारासरी विश्रामघाट के लिए निकलेगी.

**आयोजन**

**सिटीज प्रीमियर लीग में सागर की धमाकेदार जीत, फाइनल में बनाई जगह**

# क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में रायसेन और सागर का दबदबा




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा . स्थानीय एसएसएल जैन महाविद्यालय के खेल प्रांगण में मन्नत फाउंडेशन एवं नगर पालिका के विशेष सहयोग से आयोजित सिटीज प्रीमियर लीग नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के छठे दिन रोमांचक मुकाबले खेले गए.**

कार्यक्रम का शुभारंभ रेलवे सलाहकार समिति सदस्य कमलेश सेन एवं विदिशा व्यापार महासंघ के संयुक्त मंत्री विवेक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुआ.रात का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला मयंक रिप्पन राइडर रायसेन और फरहान आदिल स्ट्राइकर बैरसिया के बीच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए रायसेन की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 73 रन बनाए. जवाब में बैरसिया की टीम के 7 खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए. टीम की ओर से रूमान ने 6 छक्कों और 1 चौके की मदद से 43 रन बनाए, लेकिन टीम 69 रन ही बना सकी. रायसेन के जीतू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया.

दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला विकास सुपर किंग्स सागर और यंग बॉयज रायसेन के बीच खेला गया. सागर की टीम ने राहुल रानीपुर की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत 106 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. राहुल ने 4 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 42 रन बनाए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायसेन की टीम 85 रन ही बना सकी और सागर ने 21 रनों से मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया.

प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला भी सागर और रायसेन के बीच खेला गया. रायसेन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 65 रन बनाए, जिसे सागर की टीम ने महज 6.4 ओवर में हासिल कर लिया.सागर के सोहेल मंसूरी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 14 रन देकर 5 विकेट चटकाए और मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया.इस अवसर पर आयोजक कपिल वलेचा, रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव, फराज सैयद, सैयद साजिब सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे.

# अवैध खनिज उत्खनन पर बड़ी कार्रवाई

### जेसीबी सहित पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा .** कलेक्टर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शमशाबाद तहसील क्षेत्र में जेसीबी मशीन सहित पांच ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं. जानकारी के अनुसार प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा एवं खनि निरीक्षक विदिशा द्वारा 23 मई को तहसील शमशाबाद के ग्राम सालाखेड़ी रोड स्थित तालाब क्षेत्र में निरीक्षण किया गया. इस दौरान एक जेसीबी मशीन द्वारा खनिज मुरम का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरते हुए पाया गया. मौके से एक जेसीबी 3 डीएक्स मशीन एवं तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की गईं. जब्त वाहनों कार्रवाई के बाद सभी वाहनों को थाना शमशाबाद में सुरक्षित रखा गया है. इसी क्रम में तहसील शमशाबाद के ग्राम डबरी स्थित सगड़ नदी क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली और पकड़ी गईं. इन वाहनों को भी जब्त कर थाना शमशाबाद में रखा गया है. खनिज विभाग द्वारा बताया गया कि आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज नियम 2022 के तहत प्रकरण तैयार कर कार्रवाई की जा रही है. संबंधित प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे.